दिन– मंगलवार दिनांक– 23 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। हमारी संवाददाता ने बताया कि इस दौरान दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और छप्पन पद्मश्री सहित कुल पैंसठ पद्म अलंकरण दिए जाएंगे। सुविख्यात टेनिस खिलाडी विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी, पार्श्व गायिका अलका याज्ञनिक और क्रिकेट खिलाडी रोहित शर्मा पद्म पुरस्कार पाने वालों में शामिल हैं।

————————————————————————————

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ नेफेड के नीलामी पोर्टल का शुभारंभ करेगें। इस पोर्टल की शुरूआत नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता बढाने में महत्वपूर्ण कदम है। इससे नीलामी संबंधी गतिविधियों को सुगम बनाने और किसानों और कृषि संस्थाओं के हित में नैफेड की कार्य कुशलता बढाने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म उपलब्ध होगा। सहकारिता मंत्रालय ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान श्री अमित शाह कई महत्वपूर्ण डिजिटल और किसान केंद्रित पहल का भी शुभारंभ करेंगे।

————————————————————————————

अल्पसंख्यक कार्य और मत्स्य, पशु पालन तथा डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने केन्द्रीय मंत्री परिषद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तत्काल प्रभाव से उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। श्री कुरियन की राज्यसभा सदस्यता का कार्यकाल समाप्त हो गया था।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दूरदर्शी विचारों और संकल्पों को साकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पटना स्थित भाजपा कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक श्री मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने ऋण वितरण को लेकर बैंको के खराब प्रदर्शन पर नराजगी जताई है। पटना में राज्य स्तरीय बैंकर्स कमिटी की बैठक को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि ऋण वितरण में बैंकों की लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के मुकाबले अब तक बहुत कम ऋण वितरित किये गये है। उन्होंने बैंक अधिकारियों को प्रदर्शन सुधारने की चेतावनी भी दी है।

———————————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में मानसून की सक्रियता दिख रही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में नालंदा, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय, और बांका समेत राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में भी कई स्थानों पर मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गई। नालंदा के गिरियक में सबसे अधिक इकहत्तर दशमलव छह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटो के दौरान दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार, बांका, भागलपुर समेत राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर आंधी बारिश की आशंका है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात भी हो सकता है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि बक्सर, भोजपुर, रोहतास, जहानाबाद, पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में लू चलने की संभावना है।

———————————————————————————

जहानाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में मोहर्रम पर्व को लेकर नगर थाना परिसर ने शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर चर्चा की गई।

———————————————————————————

अररिया जिले में सत्रह जून से छब्बीस जून तक नशामुक्ति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न सार्वजनिक संस्थानों और कार्यालयों में नशामुक्ति को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनखर चौक के पास एक दो पहिया वाहन के शोरूम में अगलगी की घटना में कई वाहन जलकर नष्ट हो गये।

———————————————————————————

समाप्त